## महत्वपूर्ण एवं खास

### गर्लफ्रेंडों का मंहगा शौक पूरा करने वाले छह लुटेरे गिरफ्तार

**पकड़े गये युवकों के पास से चार तमंचा व तीन बाइक के साथ लूटा गया माल बरामद**

फतेहपुर (आरएनएस)। गर्लफ्रेन्ड को मंहगे-मंहगे गिफ्ट देने और उनके शौक पूरा करने के लिए लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए छह युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले तीन बाइके व नगद के अलावा चार तमंचा बरामद कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

### पश्चिम बंगाल से दिवंगत महिलाओं के पार्थिव शरीर को कुशीनगर लाने के निर्देश

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बर्धमान, पश्चिम बंगाल में हुई एक सड़क दुर्घटना में जनपद कुशीनगर की दो महिलाओं की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे दिवंगत महिलाओं के पार्थिव शरीर को कुशीनगर लाने के लिए आवश्यक प्रबन्ध करें।

### यूपी के 91 बीमार व्यक्तियों को मिली 1 करोड़ रु. की सरकारी सहायता

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गम्भीर बीमारियों से ग्रसित विभिन्न जनपदों के 91 व्यक्तियों को 01 करोड़ 14 लाख 32 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी गई है।

### लखनऊ -आगरा एक्सप्रेसवे पर वोल्वो बस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में लखनऊ -आगरा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार देर रात लखनऊ से दिल्ली की ओर जा रही वोल्वो बस में अचानक लग गई। बस में रखा यात्रियों का सामान जल गया लेकिन किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग में विधवा के साथ हुए रेप मामले में आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस)। राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित एक बिल्डिंग में हो रहे निर्माण में रविवार की देर रात को एक 34 वर्षीय विधवा महिला ने उस बिल्डिंग के ठेकेदार पर खाना बनाने के दौरान अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म कर आरोपी मौके से भाग निकला था। जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस में दर्ज करा दी थी जिस पर पुलिस ने पीड़िता से मिली तहरीर पर उसका मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई थी जिस पर बताया जा रहा है कि पुलिस ने सोमवार की देर रात गोसाईगंज से गिरफ्तार किया है।

### एक ही दुकान में हुई तीसरी बार चोरी, पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

कुशीनगर (आरएनएस)। सरकार भले ही हर पीड़ित की एफआईआर दर्ज करने की बात कहती हो लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। चोरों का दुस्साहस इस कदर बढ़ा हुआ है कि मंगलवार बीती रात कोतवाली से महज 100 कदम पर मोबाइल की दुकान से लाखों का माल चुरा लिया गया। इस दुकान में तीसरी बार चोरी हुई है। दुकानदार के अनुसार किसी भी मामले की एफआईआर कोतवाली में दर्ज नहीं हो सकी है।

### राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष बने पुष्पेन्द्र

जालौन/उरई (आरएनएस)। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जालौन तहसील शाखा के लिए नये अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा की गई है।

### दो हजार व पांच सौ रुपये के कटे फटे नोट न बदले जाने से नाराज कारोबारियों ने रिजर्व बैंक के बाहर किया प्रदर्शन

कानपुर (आरएनएस)। दो हजार रुपये के नोट चिटक कर टूटने से आम जान के साथ कारोबारी भी परेशान हैं। ऐसे नोट बैंकों में न बदले जाने से कारोबारी आर्थिक संकट से परेशान हो रहे हैं। बुधवार को इसके विरोध में कारोबारियों ने रिजर्व बैंक के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दो हजार व पांच सौ रुपये के कटे फटे नोट न बदले जाने से कारोबारी परेशान हैं।

### सीएम के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान को ठेंगा दिखा रहे विद्युत विभाग के दो दलाल

फतेहपुर (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्यमन्त्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने जहाँ भ्रष्टाचार पर सख्त फरमान जारी करते हुए भ्रष्टाचारियो को किसी हाल में बर्दाश्त न करने की बात कही वहीं सभी सरकारी कार्यालय में किसी भी हाल में दलालो के प्रवेश को रोकने के लिये अधिकारियो को निर्देशित किया गया है।

# आलमबाग बस अड्डे पर महिला से गैंगरेप की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आलमबाग कोतवाली क्षेत्र स्थित अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डे पर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। यहां एक महिला ने कैसरबाग डिपो के दो ऐसी बस और एक साहिबाबाद डिपो के ड्राइवर पर गैंगरेप की कोशिश करने का संगीन आरोप लगाया है। महिला शालीमार कंपनी की मजदूर बताई जा रही है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसे अकेला पाकर पकड़ लिया और मुंह दबाकर बलात्कार करने का प्रयास करने लगे। पीड़िता चिल्लाकर किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागी और अपनी इज्जत बचाई। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपियों को पकड़कर



जमकर धुनाई कर दी और पुलिस को घटना की सूचना दी। शिकायत पर मौके पर पहुंची आलमबाग पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली आयी है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागी महिला ने बचाई अपनी इज्जत**

जानकारी के मुताबिक, घटना आलमबाग बस स्टैंड की है। यहां मध्यप्रदेश की रहने वाली है महिला अपने पति और बच्चों के साथ रहकर मेहनत मजदूरी करके अपना और अपने बच्चों का पेट पालती है। पीड़िता के अनुसार, वह ठेकेदार गणेश कुमार के अंडर में काम करती है।पीड़िता ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे वह बेसमेंट में साफ-सफाई कर रही थी। इस दौरान नशे में धुत होकर तीन व्यक्ति आ गए। उसे अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। महिला चिल्लाई तो तीनों ने उसे दबोच लिया और गैंगरेप की कोशिश करने लगे। किसी तरह माहिला चीखी चिल्लाई तो लोग मौके पर आ गए। भीड़ जुटती देख आरोपी वहां से भागने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया और जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस तीनों को पकड़कर कोतवाली लाई। पुलिस ने महिला को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया। पुलिस तीनों आरोपियों के विरुद्ध आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बस ड्राइवर बताये जा रहे हैं।

**पुलिस ने लिखवाई छेड़छाड़ की तहरीर**

इस गंभीर घटना में भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। लोगों का आरोप है कि तीनों ड्राइवरों ने महिला से गैंगरेप की कोशिश की, परंतु पुलिस ने पीड़िता के पति को कोर्ट कचहरी का हवाला देते हुए उससे छेड़छाड़ करने की तहरीर लिखवा ली।

## संरक्षण गृहों में डीएम ने की छापेमारी, शासन को भेजी रिपोर्ट

गोंडा (आरएनएस)। डीएम कैप्टेन प्रभान्शु श्रीवास्तव व एसपी लक्ष्मन सिंह ने शहर में संचालित बाल संरक्षण गृहों में सघन छापेमारी की तथा एक-एक चीज की विधिवत जानकारी ली और निरीक्षण के दौरान प्राप्त बिन्दुओं पर शासन को रिपोर्ट भेज दिया। 10 बच्चे मौके पर मिले और बच्चा अस्पताल में भर्ती किया गया तथा दिन रात शिफ्ट मिलाकर कुल 12 बेटियां राधा, अंकिता वहां पर रह रही है। महिला तथा दोनों बेटियों से डीएम व एसपी ने अकेले में बात की और




किसी भी प्रकार के नाजायज दबाव व अनैतिक कार्यों के बारे में पूछा जिस पर उन लोगों द्वारा बताया गया कि उनके ऊपर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जाता है। इसके बाद

बताते चलें कि देवरिया की घटना के बाद मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी डीएम को बाल संरक्षण गृहों का निरीक्षण कर शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए थे। सबस पहले डीएम सिंचाई विभाग कालोनी के सामने एनजीओ ग्रामीण विकास समिति द्वारा संचसलित बाल संरक्षण गृह का निरीक्षण किया। वहां पर डीएम को 11 बच्चे पंजीकृत पाए जिसमें स्टाफ कर्मचारी रजिस्टर के अनुसार मिले। डीएम ने बच्चों से अकेले में पूछताछ की। संस्था के क्राडिनेटर उपेन्द्र श्रीवास्तव तथा संरक्षण गृह की अधीक्षिका अर्चना से भी डीएम ने गहन पूछताछ की। इसके बाद डीएम सीधे जेल रोड पर संचालित ज्योति विद्या मन्दिर स्वधारहोम पर पहुचें। वहां पर डीएम को दो बच्चियां एक महिला मिलीं। महिला अन्नपूर्णा, उसकी दो डीएम ने पोर्टरगंज स्थित गोंडा चाइल्ड प्रोटेक्शन होम बाल (दत्तक ग्रहण अभिकरण) में पहुंचे। वहां पर डीएम को सभी व्यवस्थाएं चाकचौबन्द मिलीं। वहां पर 10 बच्चे तथा स्टाफ मिले। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने राधाकुण्ड स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। वहां पर 50 बच्चे विभिन्न मामलों में तहत निरूद्ध बच्चे रह रहे हैं।

## एसबीएस कॉलेज में एनएसयूआई ने फूंका कुलपति का पुतला

रुद्रपुर (आरएनएस)। एसबीएस कॉलेज में सभी छात्रों को प्रवेश देने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को कॉलेज में प्रदर्शन कर कुलपति का पुतला फूंका।

इस दौरान पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष सुशील गाबा नें कहा कि हजारो छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं मिल पाने से स्थिति गंभीर हो रही है। यहां तक कि इसी महाविद्यालय से स्नातक कर चुके छात्रों तक को स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। नये नियमों के चलते वर्तमान छात्रसंघ पदाधिकारी छात्र-छात्राओं की इस गंभीर समस्या को हल नहीं करा पा रहे हैं।

## धोखाधड़ी कर जमीन बेचने में पांच पर मुकदमा

रुड़की (आरएनएस)। कुछ लोगों ने सिकंदरपुर खानपुर के किसान की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के बाद दो लोगों के नाम उसका बैनामा कर दिया। पता चलने पर किसान ने उनसे मिलकर शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की गई। कोर्ट के आदेश पर किसान ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। खानपुर के सिकंदरपुर गांव निवासी साहब सिंह पुत्र रुहला सिंह की गांव के रकबे में बंजर जमीन है। उसकी जमीन से सटी हुई ग्रामसभा की बंजर भूमि भी है। आरोप है कि पिछले दिनों तीन लोगों ने उस भूमि के अपने नाम होने के फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिए। इसके बाद उन्होंने उक्त जमीन नारसन खुर्द के दो किसानों के नाम बैनामा कर दी। हाल ही में किसान किसी काम से रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचा तो उसे जमीन का बैनामा किए जाने की जानकारी मिली।




इसके बाद किसान ने बैनामा करने वाले लोगों से मिलकर शिकायत की तो उन्होंने किसान को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। किसान ने खानपुर थाने में इसकी शिकायत की, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इसके बाद किसान ने लक्सर के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था।


## कांवड़ियों का वाहन खाई में गिरा

रुड़की (आरएनएस)। कांवड़ियों से भरी एक गाड़ी धनौरी में रतमऊ नदी के समीप अनियंत्रित होकर एक खाई में जा गिरी। गाड़ी के खाई में गिरते ही कांवड़ियों में चीख पुकार मच गई। गाड़ी पलटने से उसमें सवार चार कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर धनौरी पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को खाई से बाहर निकलवाया। गंभीर रूप से घायल कांवड़ियों को उपचार के लिए धनौरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

नरवाना, जींद हरियाणा से कांवड़ियों का एक दल पिकअप गाड़ी में सवार होकर हरिद्वार गंगाजल लेने आया हुआ था। बुधवार को गंगाजल लेकर जब कांवड़ियों का यह दल अपने गंतव्य को रवाना हुआ था। तभी धनौरी में रतमऊ नदी के पुल समीप चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा। नियंत्रण खोते ही गाड़ी दस फुट गहरी खाई में जा गिरी।

## अघोषित बिजली कटौती से लोग हो रहे परेशान

हरिद्वार (आरएनएस)। उपनगरी ज्वालापुर सहित शहर के कई इलाकों में हो रही अघोषित बिजली कटौती से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के चलते व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बार बार लगने वाले कट की वजह से व्यापारी जनरेटर का प्रयोग कर काम चला रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रो मे



अघोषित बिजली कटौती जारी है। बिजली की आँख मिचौली का असर कांवड मेला क्षेत्र को भी प्रभावित कर रहा है। कांवड मेले मे कांवड़ियो की सेवा के लिए लगे शिविर भी बिजली जाने से प्रभावित हो रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती से गृहणियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बिजली जाने से पेयजल आपूर्ति भी ठप हो जाती है। जिससे गृहणियों को घर का कामकाज करने में असुविधा का सामना करना पड़ता है।

## कार की टक्कर लगने से घायल हुई महिला

हरिद्वार (आरएनएस)। हिल बाईपास मार्ग पर कार की टक्कर से एक महिला घायल हो गई। सीपीयू कर्मियों ने भाग रहे कार चालक को पकड़ लिया। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया। बुधवार को जसोदा पत्नी भुक्कन लाल निवासी बिलासपुर, रामपुर उत्तर प्रदेश हिल बाईपास पर मनसा देवी पैदल मार्ग की ओर से आ रही थी। तभी सामने से आई स्विफ्ट कार ने उसे टक्कर मार दी।

## राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

देहरादून (आरएनएस)। सरकार द्वारा आज आयोजित कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट बैठक के पश्चात कैबिनेट मंत्री प्रकाश पंत ने कैबिनेट के फैसले को मीडिया के सामने रखा। कैबिनेट मंत्री प्रकाश पंत ने बताया कि विधानसभा से पारित 'धर्म स्वतंत्रता अधिनियम' के तहत नियमावली पर चर्चा की गई कैबिनेट ने कुछ संशोधनों के साथ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत नियमावली को कुछ संशोधनो के साथ मंजूर कर दिया। नियम से अलग होने पर धार्मिक संस्था का लाइसेंस निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही रिवर राफ्टिंग और क्याकिंग नियमावली भी संशोधन के साथ मंजूर हो गई तथा पैराग्लाइडिंग और पैरासेलिंग के लिए भी नियमावली मंजूर की गई। इससे साहसिक खेलों और पर्यटन् को बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि एक माह पहले हाईकोर्ट द्वारा नियमावली न होने पर उत्तराखंड में साहसिक खेलों जैसे कि रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग आदि पर पाबंदी लगा दी गई थी। इसके साथ ही रिवर राफ्टिंग करने की उम्र सीमा 60 से बढ़ाकर 65 कर दी गई है। पहले 14 से 60 साल तक के ही पर्यटक रिवर राफ्टिंग कर सकते थे। पुलिस विभाग में आरक्षी और मुख्य आरक्षी नियमावली को भी मंजूरी दी गई। मुख्य आरक्षी में 50% पदों पर 5 साल की सेवा के बाद पदोन्नति दी जा सकेगी। इसके साथ ही पुलिस विभाग के घुड़सवार सेवा नियमावली को मंजूरी मिल गई है। पुलिस मोटर परिवहन शाखा की सेवा नियमावली भी मंजूर की गई। यू कॉस्ट कर्मचारियों को सर्वे वेतनमान का लाभ दिये जाने का भी निर्णय लिया गया है।

## परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग, छात्रों ने किया प्राचार्य का घेराव

देहरादून (आरएनएस)। बीए, बीएससी के तृतीय व चतुर्थ व छठे सेमेस्टर के परिक्षा परिणाम न आने कारण छात्र-छात्राएं परेशान हैं। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रसंघ अध्यक्ष योगेश घाघट के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने डीबीएस पीजी कॉलेज के प्रधानाचार्य का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि बीए, बीएस सी तृतीय, चतुर्थ, छटे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द घोषित किए जाएं। छटे सेमेस्टर का रिजल्ट न आने के कारण छात्र-छात्राओं को अन्य विश्वविद्यालयों में प्रवेश नहीं मिल सका है। जो बीएससी पंचम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित हुआ है उनमें से अधिकांश छात्र-छात्राओं की 2 या 3 नम्बर से बैक लगा दी गई है। छात्र-छात्राओं को जो अंक प्रदान किये गये हैं वे उससे सन्तुष्ट नहीं है तथा उनमें अत्यधिक गुस्सा है।

## गरीब बच्चों को प्रवेश न दिए जाने पर हो कानूनी कार्रवाई

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)।जन उड़ान समिति के अध्यक्ष कुशलानाथ ने खिर्सू ब्लॉक के स्कूलों में आरटीई एक्ट के तहत गरीब बच्चों को प्रवेश न दिए जाने पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इस संदर्भ में राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के अध्यक्ष व सचिव को भेजे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि ब्लॉक के मान्यता प्राप्त निजी व प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य शिक्षा अधिकारी से शिकायत की गई।

## बरसाती पानी को सड़क पर जमा होने से रोकने के लिए नाला निर्माण, कई बार मिली अनियमितताएं

हल्द्वानी (आरएनएस)। कालाढूंगी रोड में बरसात के पानी को सड़क पर जमा होने से रोकने के लिए भारी भरकम रकम खर्च करके नाला बनवाया जा रहा है। नाला निर्माण के दौरान कई बार अनियमितताएं सामने आई हैं। इससे पहले ग्राम प्रधान ने नाले की दीवार में प्लास्टर व सरिये का उपयोग न होने पर आपत्ति जताते हुए कार्य रुकवा दिया था। इसके बाद ठेकेदार ने प्लास्टर करना शुरू किया। आज फिर एक समस्या लोगों के सामने आ गई है।